हरिभूमि

जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 12 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

घट स्थापना के साथ देवी मंदिरों में जगमगा उठे आस्था के ज्योत

4



खबर संक्षेप

सीएम उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 तक

जांजगीर-चांपा। राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी जो शिक्षण सत्र 2026-27 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थाओं जैसे आईआईटी, एआईआईएमएस, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआई में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तात्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि योजनान्तर्गत पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में पंजीकृत डाक अथवा कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर ऑफ लाईन आवेदन 30 अक्टूबर तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कलेक्टोरेट भवन प्रथम तल के कक्ष में जमा कर सकते हैं।

हाई स्कूल मैदान में गूंजेगी शहनाज अख्तर की भक्ति स्वरधारा 16 को

जांजगीर-चांपा। नवरात्रि के अवसर पर भक्ति और संगीत का भव्य आयोजन करने जा रहा है। ट्रस्ट की ओर से 16 अक्टूबर, शुक्रवार को शाम 7 बजे से हाई स्कूल मैदान, जांजगीर में भक्ति राग जांजगीर एक शाम माँ के नाम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में भजन गायिका शहनाज अख्तर अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियां देंगी।

पंतोरा विद्यालय में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

पंतोरा। शासकीय विद्यालय पंतोरा में सेवा संकल्प अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में हुआ।कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष शारदा देवांगन, जिला पंचायत सदस्य शशि कला तवर, सरपंच लक्ष्मण सिंह कंवर, एसएमसी अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, जिला शिक्षा अधिकारी एमपी सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार गौतम, बीआरसी अर्जुन सिंह क्षत्री, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सनत देवांगन, जिला संगठन आयुक्त स्काउट सुरेंद्र सोनी, प्रभारी प्राचार्य वरत राम टंडन और शैक्षिक समन्वयक हेमंत साहू मौजूद रहे।नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिक्षा के महत्व, सामाजिक जागरूकता, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और समाज के प्रति कर्तव्यों का संदेश दिया गया। कलाकारों ने जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों को जागरूक होकर समाज के विकास में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया।अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सामाजिक चेतना विकसित करते हैं। शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास भी जरूरी है। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राएं और पालक मौजूद रहे। मंच संचालन डाल्टन यादव और नुक्कड़ नाटक प्रभारी चंद्रिका ने किया।

आकस्मिक मृत्यु के 3 प्रकरणों में 12 लाख रुपए स्वीकृत

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आकस्मिक आपदा के कारण मृत्यु के 03 प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिले के तहसील बलौदा अंतर्गत ग्राम महुदा (ब) निवासी रामभरोस पटेल, तुलसी राम एवं नरेश कुमार खैरवार की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिसों के लिए सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें रामभरोस पटेल की पत्नी श्रीमती अंजू पटेल, तुलसी राम की पत्नी श्रीमती दुलार बाई एवं नरेश कुमार खैरवार के पिता रामू खैरवार को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

हर साल होती है समस्या फिर भी जिम्मेदारों को नहीं कोई सरोकार

धान की फसल पर पैनिकल माइट के प्रकोप ने बढ़ा दी किसानों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में धान की फसलों पर इन दिनों पैनिकल माइट का प्रकोप देखा जा रहा है। फसल पर अंतिम दिनों में छाई बीमारी ने कृषकों की चिंता बढ़ा दी है। इस प्रकार की बीमारी होने पर खेतों में लाल रंग का बदरा नजर आता है। इस तरह की समस्या हर साल बनी रहती है फिर भी जिम्मेदार विभाग का अमला इसे लेकर कृषकों को जागरूक नहीं कर पा रहा है।

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिले में धान की पैदावार अन्य जिलों की तुलना में काफी अधिक होता है। साथ ही प्रदेश में सर्वाधिक संचित जिले के रूप में भी यहां की पहचान लंबे समय से बनी हुई है। यहां के एक लाख 23 हजार से अधिक कृषक हर साल बड़े पैमाने पर धान की पैदावार करते हैं। इस समय अक्टूबर महीने में जहां एक और अर्ली वैरायटी धान की फसल तैयार होने को है वहीं दूसरी ओर कई स्थानों पर धान की फसलों पर पैनिकल माइट की उपस्थिति ने कृषकों की चिंता बढ़ा दी है। कृषकों को धान फसल खराब होने का डर सता रहा है। जिले के पामगढ़, नवागढ़, अकलतरा, बलौदा समेत अन्य जगहों के धान की फसलों पर लाल बदरा की उपस्थिति से कृषकों की परेशानी बढ़ गई है। जिले के कृषकों की आवक के साथ जीवन यापन के लिए खेतों में धान की पैदावार करना एक बड़ा माध्यम है, जिसके तहत कृषक अपना जीवन यापन करने के साथ बाकी बचे धान को सेवा सहकारी समिति के माध्यम से बिक्री करने का काम भी करते हैं।



खेत में तैयार हो चुकी धान की फसल।

कृषकों की उम्मीद हर साल बनी रहती है कि धान की खेती करके उसे अपने जीवन जीने के लिए रख सके वही बाकी बचे धान को सेवा सहकारी समितियां में बिक्री करके आर्थिक मुनाफा कमा सके, लेकिन धान की फसलों पर लाल बदरा के कारण कृषकों की दिक्कतें बढ़ गई है। इस तरह की समस्या हर साल बनी रहती है फिर भी जिम्मेदारों को इससे कोई सरोकार तक नहीं है।

धान खरीदी को लेकर चल रही तैयारी- जिले में बड़े पैमाने पर धान की पैदावार होती है। वहीं कृषक धान को सेवा सहकारी समितियों में बिक्री कर देते हैं। जिले के 101 सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीदी को लेकर तैयारी प्रारंभिक स्तर पर कर दी गई है। नवंबर महीने से खरीदी कार्य प्रारंभ हो जाएगा। जिले में पिछले वर्ष बड़े पैमाने पर उपार्जन केंद्र बनाए गए थे।

कराया गया अवगत

धान की फसलों पर पैनिकल माइट बीमारी की उपस्थिति नजर आ रही है, जिसके चलते कृषक परेशान है। इस समस्या को लेकर अधिकारियों को जानकारी दी गई है।

-संदीप तिवारी,
प्रगतिशील कृषक

लेंगे जानकारी

धान की फसल पर लाल बदरा बीमारी होने को लेकर पहले जानकारी ली जा रही है। तत्पश्चात आगे की कार्यवाही की जाएगी।

राकेश शर्मा, उपसंचालक कृषि
जांजगीर चांपा

शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

सोशल मीडिया में विज्ञापन चलाकर बनाते थे शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शादी के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। गिरोह द्वारा सोशल मीडिया में विज्ञापन के माध्यम से जाल बिछाया जाता था। इसके बाद वाट्सअप चेटिंग और मोबाईल कॉल कर लोगों को शिकार बनाया जाता था। गिरोह के 5 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें 4 महिला और 1 पुरुष शामिल हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ का रेशम लाल साहू अपने शादी के लिए रिश्ता देख रहा था। उसके मोबाइल में शादी का विज्ञापन आया। विज्ञापन में दिए गए नंबर पर संपर्क करने पर महासमुंद की एक लड़की जो शासकीय हॉस्पिटल में नर्स है, उससे शादी का रिश्ता फिक्स करने का वादा किया गया। जिसके बाद कुछ पेमेंट लेने के बाद लड़की का मोबाइल नंबर रेशम लाल को उपलब्ध कराया गया। व्हाट्सअप चैटिंग और मोबाइल से बात करने के दौरान लड़की द्वारा अलग अलग बहाने से पैसों की मांग की गई। रेशम लाल ने अलग अलग किस्त में 5 लाख 65 हजार 355 रुपए उसके बताए खाते में डाले। रेशम लाल जब लड़की से मिलने की बात करने लगा तब लड़की अलग अलग बहाना बनाने लगी। इसके बाद रेशम लाल साहू महासमुंद सरकारी अस्पताल पता करने गया तो वहां उस नाम की कोई लड़की नहीं मिली। ठगी का एहसास होने पर रेशम लाल ने डायल 1930 के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई , जिस पर साइबर थाना में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान सायबर पोर्टल की मदद से आरोपियों के खाता नंबर , बैंक डिटेल, मोबाइल नंबर को ट्रेस किया गया तो आरोपी राजनंदगांव के होने का पता चला। राजनांदगांव जाकर पता करने पर भूमिका रंगारी निवासी राजनांदगांव का होना पाया गया, जो पदमा बनकर रेशम लाल से बात करती थी और अपने खाता में ढाई लाख ली थी। बाकी रकम अन्य सदस्यों के खाते में ट्रांसफर कराया गया था। पुलिस ने भूमिका रंगारी निवासी राजनांदगांव थाना चिखली, रोहित कुमार गुप्ता निवासी बसंतपुर राजनांदगांव, नसीम बानो निवासी राजनांदगांव थाना चिखली, तय्यबा बानो निवासी राजनांदगांव और शायना बानो निवासी राजनांदगांव थाना चिखली को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

मैरिज ब्यूरो का काम छोड़ने के बाद आया आइडिया

पुलिस की पूछताछ में आरोपी भूमिका रंगारी द्वारा गया कि वह वर्ष 2025 में लव लाईक रिश्ते मैरिज ब्यूरो में काम करती थी। काम छोड़ने के बाद बेरोजगार होने से स्वयं एक फर्जी संस्था का संचालन करने लगी और मोबाइल में विज्ञापन चलाकर लोगों को शादी का झांसा देकर पैसे का ठगी करती थी। जिसमें रोहित कुमार गुप्ता, नसीम बानो , तय्यबा बानो, शायना बानो के द्वारा सहयोग किया गया था। इनके द्वारा कमीशन के लालच में पैसे प्राप्त करने के लिए अपना खाता दिया गया था। ढाई लाख के अलावा अन्य पैसे इनके खाता में ट्रांसफर होना पाया गया। भूमिका रंगारी के विरुद्ध साइबर पोर्टल में और भी शादी के नाम पर रिश्ता करने पैसे लेने के शिकायत दर्ज है।

कटरा जंगल में जुआ खेलते 9 गिरफ्तार, 47 हजार नकद सहित 11 बाइक और ब्रेजा कार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पंतोरा चौकी क्षेत्र के कटरा जंगल में संचालित जुए के फड़ पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस और रिस्पांस टीम की संयुक्त छापेमारी में जुआ खेलते हुए 9 लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके कब्जे और घटनास्थल से 47 हजार 500 रुपये नकद, 11 मोटरसाइकिल, एक ब्रेजा कार, 8 मोबाइल फोन और 52 पत्ती ताश जब्त किए हैं। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रूप से जुआ खेलने वालों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को पंतोरा चौकी अंतर्गत कटरा जंगल में कुछ लोगों द्वारा जुए का फड़ संचालित किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की योजना तैयार की। इसके बाद पंतोरा चौकी पुलिस और रिस्पांस टीम ने संयुक्त रूप से कटरा जंगल में दबिश दी। पुलिस की अचानक हुई छापेमारी के दौरान मौके पर जुआ खेल रहे 9 लोगों को पकड़ लिया गया। पुलिस ने मौके से जुए में इस्तेमाल की जा रही 52 पत्ती ताश के साथ 47 हजार 500 रुपये की नकदी बरामद की। इसके अलावा घटनास्थल से 11 मोटरसाइकिल, एक ब्रेजा कार और 8 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में दीपक राय (42 वर्ष), निवासी मड़वा, थाना गिधौरी, जिला बलौदाबाजार; रूपचंद रात्रे (36 वर्ष), निवासी देवरी, थाना सीपत, जिला



बिलासपुर; संजू कुमार सूर्यवंशी (28 वर्ष), निवासी रसौटा, थाना पामगढ़; रमेश कुमार कश्यप (28 वर्ष), निवासी झूलन, थाना पामगढ़; सुरेंद्र लहरे (26 वर्ष), निवासी रसौटा, थाना पामगढ़; सुनील सिंह ठाकुर (27 वर्ष), निवासी कोटमीसोनार; साहिल लहरे (22 वर्ष), निवासी रसौटा, थाना पामगढ़; मयंक शर्मा (22 वर्ष), निवासी उसलापुर, जिला बिलासपुर और विशाल सिंह ठाकुर (24 वर्ष), निवासी कोटमीसोनार, थाना अकलतरा शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों में जांजगीर-चांपा जिले के अलावा बिलासपुर और बलौदाबाजार जिले के निवासी भी शामिल हैं। पुलिस ने सभी 9 आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय (आईपीएस) के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. यूलैंडन यार्क के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में जुआ, सट्टा और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

टोकन के माध्यम से खाद वितरण का दिया गया प्रशिक्षण

जांजगीर-चांपा। टोकन के माध्यम से उर्वरक वितरण पर उप संचालक कृषि द्वारा समिति प्रबंधकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिले के समस्त सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर आपरेटरों को नवीन उर्वरक वितरण प्रणाली साफ्टवेयर की जानकारी दी गई। विदित हो कि आगामी रबी 206-27 में किसानों को फ्रेम वर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल साफ्टवेयर टोकन के माध्यम से किसानों के खेती के रकबे के आधार पर उर्वरकों का वितरण किया जाना है। इस नवीन उर्वरक वितरण प्रणाली का सुचारू रूप से क्रियान्वयन किये जाने हेतु कृषि विभाग, सहकारिता, विपणन संघ के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ-साथ निजी कृषि केन्द्र के प्रोपाईटर एवं किसानों को भी प्रणाली के संबंध में तकनीकी जानकारी दिया जाना है।

अमझर प्लांट से 50 किलो सिलिको मैंगनीज पत्थर चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

क्षेत्र के अमझर प्लांट से सिलिको मैंगनीज पत्थर चोरी कर ले जाने के मामले में चांपा पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 50 किलोग्राम सिलिको मैंगनीज पत्थर बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 5 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रविन्द्र बर्मन निवासी पहरिया, थाना बलौदा ने चांपा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 अक्टूबर की रात करीब 11:55 बजे एक व्यक्ति अमझर बस्ती की ओर जाने वाले रास्ते से कंधे पर बोरी रखकर प्लांट से बाहर निकल रहा था। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड की नजर उस पर पड़ी। व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर सुरक्षा गार्ड ने उसे रोककर पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान संबंधित व्यक्ति बोरी को पटककर भागने लगा। हालांकि, सुरक्षा गार्ड ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे मौके पर बैठाकर रखा गया तथा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति की पहचान धमेन्द्र पटेल (34 वर्ष), निवासी कुसमुली, थाना कोटा, जिला बिलासपुर, हाल मुकाम अमझर के रूप में की। पूछताछ और मेमोरेंडम कथन के आधार पर आरोपी द्वारा चोरी करना स्वीकार किए जाने की जानकारी पुलिस ने दी। इसके बाद प्लांट से चोरी किया गया लगभग 50 किलोग्राम सिलिको मैंगनीज पत्थर बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार सेन्डे सहित चांपा थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी व जब्त पत्थर।

40 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

जांजगीर-चांपा। जिले में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुलमुला थाना पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम चोरभट्ठी मेन रोड पर दबिश देकर 40 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 40 हजार रुपये बताई गई है। जिले में अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मुलमुला पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चोरभट्ठी मेन रोड पर गुलमोहर पेड़ के पास अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखी गई है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 40 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की। मामले में रघुवीर कश्यप (30 वर्ष), पिता संतोष कश्यप, निवासी ग्राम पौना, थाना मुलमुला, जिला जांजगीर-चांपा को गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब की कीमत लगभग 40 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

स्ट्रीट लाइट बनी शोपीस, अंधेरे में सफर करने को मजबूर राहगीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण से तुस्मा पहुंच मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइटें इन दिनों सिर्फ दिखावटी साबित हो रही हैं। सड़क किनारे लगाई गई इन लाइटों का

- **दुर्घटना की आशंका, कई बार शिकायत के बाद भी नहीं हुई मरम्मत**

उद्देश्य रात के समय राहगीरों और वाहन चालकों को रोशनी उपलब्ध कराना था, ताकि आवागमन सुरक्षित और सुविधाजनक हो सके। लेकिन स्ट्रीट लाइटों के खराब होने के कारण लोगों को रात के समय अंधेरे में सफर करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

जानकारी के अनुसार, शिवरीनारायण से तुस्मा जाने वाले मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइटों की स्थिति लंबे समय से चिंताजनक बनी हुई है। रात होते ही मार्ग के कई हिस्सों में पर्याप्त रोशनी नहीं मिल पाती, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अंधेरे के कारण सड़क पर सामने से आने वाले वाहन, पैदल चलने वाले लोग और सड़क किनारे मौजूद गड्ढे समय पर दिखाई नहीं देते। ऐसे में दुर्घटना होने की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार



इस समस्या की जानकारी नगर पंचायत शिवरीनारायण के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कई बार दी जा चुकी है। इसके बावजूद आज तक खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत नहीं कराई गई है। लोगों का कहना है कि जब समस्या से संबंधित अधिकारियों को बार-बार अवगत कराया जा चुका है, तो फिर अब तक इसका समाधान क्यों नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि सड़क पर स्ट्रीट लाइट लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका नियमित रखरखाव और समय पर मरम्मत भी जरूरी है। उनका कहना है कि दोपहिया वाहन चालकों, पैदल राहगीरों और अन्य वाहन चालकों के लिए अंधेरा परेशानी का कारण बन रहा है। ऐसे में किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए स्ट्रीट लाइटों का जल्द से जल्द दुरुस्त होना आवश्यक है, ताकि लोगों को रात के समय अंधेरे में आवागमन करने की मजबूरी से राहत मिल सके और सड़क पर सुरक्षित आवाजाही संभव हो सके।

शिवरीनारायण महोत्सव का शुभारंभ करेंगे सीएम, महानदी गंगा आरती में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री के शिवरीनारायण प्रवास की तैयारियों का कलेक्टर-एसपी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धर्म और आस्था की नगरी शिवरीनारायण में 14 अक्टूबर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रस्तावित प्रवास को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री के आगमन पर शिवरीनारायण महोत्सव के शुभारंभ से लेकर भगवान नर-नारायण मंदिर में दर्शन-पूजन और महानदी गंगा आरती तक के कार्यक्रमों को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन जुट गया है।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने शिवरीनारायण पहुंचकर हेलीपेड, मंदिर परिसर, गंगा आरती



निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लेते कलेक्टर एवं एसपी।

घाट और महोत्सव स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, मंच निर्माण और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को समय-सीमा में सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 14 अक्टूबर को प्रस्तावित शिवरीनारायण प्रवास को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने शिवरीनारायण पहुंचकर विभिन्न कार्यक्रम स्थलों एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री श्री साय अपने प्रवास के दौरान शिवरीनारायण महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। साथ ही भगवान नर-नारायण मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना करेंगे और महानदी गंगा आरती में शामिल होंगे। इस दौरान पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगड़े, नगरपालिका अध्यक्ष राहुल थवाइत, सीईओ जिला पंचायत विनय पोयाम, एसडीएम सुश्री भावना साहू सहित जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने हेलीपेड, भगवान नर-नारायण मंदिर, महानदी गंगा आरती घाट तथा शिवरीनारायण महोत्सव के कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। उन्होंने मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, मुख्यमंत्री के आवागमन मार्ग, सुरक्षा एवं विद्युत व्यवस्था तथा प्रवेश और निकास द्वारों की तैयारियों का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, सुगम यातायात, व्यवस्थित पार्किंग तथा आम नागरिकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने को कहा, ताकि मुख्यमंत्री का प्रस्तावित प्रवास एवं विभिन्न कार्यक्रम सुचारु और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकें।

खबर संक्षेप



मड़वा संयंत्र ने एक दिन में सर्वाधिक विद्युत उत्पादन का बनाया रिकार्ड

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र (एबीवीटीपीएस) मड़वा ने विद्युत उत्पादन की नई ऊंचाइयों को छू लिया है। विद्युत संयंत्र ने 8 अक्टूबर 2026 को 100.96 प्रतिशत पीएलएफ. के साथ 12.230 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान बनाया है। इससे पहले वर्ष 2018 में 12 जनवरी को 100.94 प्रतिशत पीएलएफ.के साथ 24.226 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान बनाया था।

राखड़ परिवहन के दौरान उड़ती धूल से राहगीरों परेशान



कोरबा। सीएसईबी के पुराने संयंत्र से निकलने वाले राखड़ के निष्कासन के लिए बनाए गए सेलो से राखड़ परिवहन में लगे वाहनों की आवाजाही अब स्थानीय रहवासियों और राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। राखड़ से भरे वाहनों के आवागमन के दौरान सड़क पर धूल और राखड़ उड़ने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, राखड़ परिवहन करने वाले वाहनों की आवाजाही से उड़ने वाली धूल और राखड़ आसपास के वातावरण को प्रभावित कर रही है। इससे सड़क से गुजरने वाले राहगीरों के साथ-साथ कलमीदुग्गू के निवासियों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों को आशंका है कि लगातार उड़ने वाली धूल और राखड़ उनके स्वास्थ्य तथा दैनिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। इस समस्या को लेकर सीएसईबी के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राखड़ के निष्कासन और परिवहन की व्यवस्था तो की गई है, लेकिन इससे आम जनता को हो रही परेशानियों के समाधान पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय रहवासियों और राहगीरों को राहत दिलाने के लिए राखड़ परिवहन मार्ग पर नियमित पानी का छिड़काव, वाहनों में राखड़ को ढककर परिवहन करने तथा सड़क की नियमित सफाई जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना आवश्यक है।

खनिज विभाग का खनिज माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही, 21 वाहन जब्त



कोरबा। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश तथा उप संचालक, खनि प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले में अवैध उत्खनन परिवहन व भण्डारण पर प्रतिबंध लगाने के लिए खनिज विभाग कोरबा सख्त रुख अपना रहा है। खनिज उड़नदस्ता दलों द्वारा बुधवार से लगातार तीन दिन खनिज माफियाओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर जिले के राताखार, सीतामढ़ी, बरमपुर सहित कई स्थानों पर दिन-रात छापा मारकर सघन जांच की गई। जिस दौरान रेत का अवैध परिवहन कर रहे तरदा में 2 ट्रेक्टर, हरदीबाजार में 1 टीपर, बरमपुर में 1 ट्रेक्टर, पाली में 2 ट्रेक्टर, सुराकछार में 1 ट्रेक्टर, उमरेली में 1 ट्रेक्टर, कुदुरमाल व सोनपुरी में रेत का उत्खनन व परिवहन कर रहे 8 ट्रेक्टर, गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे 4 हाइवा व 1 ट्रेक्टर सहित कुल 21 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए जब्त कर सर्वमंगला पुलिस चौकी, उरगा थाना, पाली थाना, खनिज जांच चौकी उरगा व खनिज जांच चौकी हरदीबाजार की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है।

जन-जागरूकता का चला अभियान

कोरबा। हसदेव जल संसाधन विभाग के तत्वावधान में हसदेव बैराज जलप्रबंध संभाग, रामपुर में जल जन सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता एवं जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य जल के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना, जलाशयों और अन्य जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए जनभागीदारी बढ़ाना तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश देना था। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों, सफाई मित्रों और स्थानीय नागरिकों ने हाथों में 'जल जन सेवा संकल्प' के पंपलेट लेकर जल की प्रत्येक बूंद बचाने और जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। इसके बाद परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। सहभागी लोगों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता में श्रमदान किया और आसपास के लोगों को भी अपने परिवेश को साफ रखने के लिए प्रेरित किया।

कोल अफसरों को मिली राहत, तीन किश्तों में मिलेगा पे स्केल अपग्रेडेशन का एरियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के कोयला अधिकारियों को पे स्केल अपग्रेडेशन के एरियर का भुगतान तीन किस्तों में किया जाएगा। सीआइएल के पॉलिसी सेल ने रविवार, 4 अक्तूबर को छुट्टी के दिन भुगतान संबंधी आदेश जारी किया है। इसके अनुसार पहली किस्त अक्टूबर में 40 प्रतिशत, दूसरी दिसंबर में 40 प्रतिशत और तीसरी मार्च में 20 प्रतिशत होगी।

कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनियों को पहली किस्त के भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया है फंड की कमी होने की स्थिति में भी 31 अक्टूबर तक पहली किस्त का भुगतान करना अनिवार्य किया गया है। पे स्केल अपग्रेडेशन से संबंधित मामला जबलपुर हाइकोर्ट में चल रहा है। सुनवाई के दौरान सीआइएल की ओर से चरणबद्ध भुगतान का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया था। इसी कार्यक्रम के आधार पर एरियर भुगतान के लिए तीन किस्तें निर्धारित की गयी है। सीआइएल की ओर से 2 फरवरी को शेयर बाजार को दी गयी जानकारी के अनुसार, पे स्केल अपग्रेडेशन का लाभ ई-1 से ई-7 ग्रेड तक के अधिकारियों को मिलेगा। इसके दायरे में कुल 15431 अधिकारी है। कंपनी के आकलन के अनुसार, 31 जुलाई 2023 की स्थिति में इन अधिकारियों का कुल बेसिक 153.67 करोड़ रुपये था। संशोधित बेसिक के आधार पर यह राशि 173.52 करोड़ रुपये आंकी गयी है यानी बेसिक में 19.85 करोड़ रुपये का अंतर है। सीआइएल के आंकलन में डीए, पर्क्स और सुपरएनुएशन बेनिफिट को शामिल करने पर 31 जुलाई 2023 की स्थिति में कुल राशि 331.86 करोड़ रुपये थी। संशोधित वेतनमान के आधार पर यह राशि 374.74 करोड़ रुपये आंकी गयी है।

अक्टूबर में मिलेगी पहली किश्त, दिसंबर में दूसरी व मार्च में तीसरी किश्त



सेवानिवृत्त अधिकारियों का भुगतान बाद में

सीआइएल और उसकी सहायक कंपनियों से अलग हो चुके अधिकारियों के एरियर के भुगतान के लिए अलग व्यवस्था की गयी है। उनके एरियर का भुगतान ऑडिट पूरा होने के बाद किया जाएगा 4 अक्टूबर को जारी आदेश फिलहाल ऑन-रोल एग्जीक्यूटिव कैडर के अधिकारियों के लिए है।

1 जनवरी 2017 से नॉमिनल अपग्रेडेशन

सीआइएल के बाजार प्रकटीकरण के अनुसार, अधिकारियों के पे स्केल को 1 जनवरी 2017 से नॉमिनल रूप से अपग्रेड किया गया है। हालांकि, इसका वित्तीय प्रभाव 23 अगस्त 2023 से लागू माना गया है। इसी आधार पर एरियर भुगतान की गणना और प्रक्रिया आगे बढ़ायी जा रही है।

बेटे को समझाइश देने की जगह शासकीय कार्य में डाली बाधा, पुलिस कर्मियों से की गाली गलौज

शराबी बेटे को थाने में छुड़ाने पहुंची मां ने थाना प्रभारी से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शराब के नशे में बाइक चलाने वाले अजय यादव के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान उसे बचाने थाने पहुंची उसकी मां रानी यादव ने थाने में ही हंगामा शुरू कर दिया। रानी यादव अपने बेटे अजय यादव को जबरजस्ती थाना से ले जाना चाह रही थी। पुलिस कर्मियों द्वारा मना करने पर रानी यादव ने पुलिसकर्मियों को धमकाया, गाली-गलौज की और प्रशिक्षु थाना प्रभारी का हाथ मरोड़ दिया। घटना में प्रशिक्षु थाना प्रभारी के हाथ में चोट आई है। पुलिस ने महिला के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं और एट्रोसिटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, उसके बेटे के खिलाफ भी शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में कार्रवाई की गई है।

उल्लेखनीय है कि बालकोनगर थाना में पदस्थ प्रशिक्षु थाना प्रभारी ईश्वरी राज ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करायी है कि जिसमें उल्लेख किया गया है कि 9 अक्टूबर की रात्रि प्रशिक्षु थाना प्रभारी ईश्वरी राज और अन्य पुलिस कर्मी अपने अपने शासकीय कार्य में व्यस्त थे। इसी दौरान रात्रि करीब 8 बजे श्रीमति गीता महंत, श्रीमति दुर्गा सिंह, श्रीमति पुष्पा पात्रे, श्रीमति ममता बाई पनिका थाना पहुंची। उन्हीं के साथ अजय यादव निवासी सेक्टर 5 बालको अपने मोटर सायकल में थाने पहुंचा। गीता महंत के द्वारा पुलिस को बताया गया कि रात्रि करीब 7.20 बजे परसाभांठा बाजार चौक के पास अजय यादव अपने मोटर सायकल हीरो स्प्लेण्डर प्लस क्रमांक सीजी 12 बीई 5946 को शराब के नशे में चलाते हुए आकर उसके बहुत करीब से निकला। मोटर सायकल इसके चुनरी से टच हुआ तथा इसके पैर के ऊपर मोटर सायकल चढ़ते-चढ़ते बचा। गीता महंत ने अजय से कहा कि भैया अपने मोटर सायकल को देखकर चलाओ तो अजय यादव ने उससे वाद-विवाद व अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद महिलाएं घटना की सूचना देने थाना पहुंची। गीता महंत के द्वारा शिकायत किए जाने के बाद अजय यादव की ब्रिथ एनालाईजर मशीन से जांच की गई। जिसमें 169एमजी सौ एमएल मात्रा में शराब का सेवन करना पाया गया। अजय यादव के द्वारा शराब के नशे में मोटर सायकल चलाते पाये जाने पर उसके विरूद्ध धारा 185 एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही किया जा रहा था। इसी दौरान अजय यादव की मां रानी यादव थाना आकर, मेरे बेटा के विरूद्ध कैसे कार्यवाही करोगे, यह दस्तखत नहीं करेगा, जिसको जो उखाड़ना है उखाड़ ले मैं अपना बेटा को लेकर जा रही हूं, कहकर अजय यादव को जबरजस्ती ले जाने लगी। रानी यादव को थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस स्टाफ के द्वारा समझाईश दिया गया कि लिखा पढ़ी के बाद ले जाना। तब रानी यादव ने पुलिस कर्मियों को धमकाने लगी कि कौन लिखा-पढ़ी करेगा, कैसे-लिखा पढ़ी करेगा तथा जोर-जोर से चिल्लाते हुए थाना में हंगामा करने लगी। थाना के स्टाफ एवं विभिन्न कार्यों से थाना में आये हुए व्यक्तियों को व्यवधान हुआ। प्रशिक्षु थाना प्रभारी ईश्वरी राज एवं अन्य स्टाफ के द्वारा समझाने पर रानी यादव के द्वारा तू कौन होती है बोलने वाली कहते हुए थाना प्रभारी को सबके सामने गाली देते हुए अचानक उस पर हमला कर दाहिना हाथ को पकड़कर मरोड़ दी, जिससे प्रशिक्षु थाना प्रभारी के दाहिना हाथ के अंगूठे में चोट पहुंची है। दाहिना हाथ की कलाई में रानी के नाखून से चोट लगी है। रानी यादव के द्वारा थाना प्रभारी एवं थाने के अन्य स्टाफ से भी विवाद करते हुए सभी के शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया गया। उसकी इन हरकतों को देखकर थाना आयी श्रीमति गीता महंत, श्रीमति दुर्गा सिंह, श्रीमति पुष्पा पात्रे, श्रीमति ममता बाई पनिका वापस अपने घर चली गई। रानी यादव के विरूद्ध पीएसआई ईश्वरी राज की रिपोर्ट पर धारा 121, 132, 221, 296 बीएनएसएस तथा एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया।

वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस का काला दिवस, चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला



प्रदर्शन में शामिल कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने ग्राम बोईदा में विरोध प्रदर्शन करते हुए काला दिवस मनाय गया। एआईसीसी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार तथा जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (ग्रामीण) के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के तत्वावधान में बोईदा बस स्टैंड स्थित अटल चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध जताया और उनके इस्तीफे की मांग की।

कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के अध्यक्ष कौशल श्रीवास ने किया। प्रदर्शन में पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा ब्लॉक प्रभारी गुलशन जायसवाल, जिला एनएसयूआई अध्यक्ष मनमोहन राठौर, मंडल कांग्रेस उतरदा अध्यक्ष शेखर पटेल सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने वोट चोरी के मुद्दे को लेकर नारेबाजी की और मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग उठाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर लोकतांत्रिक व्यवस्था और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को लेकर काला दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बोईदा के अटल चौक पर एकत्रित होकर कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान दशरथ सिंह कंवर, चंद्रहास राठौर, लक्ष्मी बंजारे, राजकुमार मरावी, रामेश्वर सिंह राज, सत्या कंवर, हरसेन महंत, आशीष राठौर, लंबोदर कंवर, मनीराम पटेल, बलराम कश्यप, सुधवार सिंह खुसरो, मथुर सिंह खुसरो, राधे आदि उपस्थित थे।

18.80 किलोमीटर लंबी सड़कों के लिए 5 करोड़ 72 लाख मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत तीन ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। पांच वर्ष की अवधि पूरी कर चुकी और जर्जर हो चुकी इन सड़कों की कुल लंबाई 18.80 किलोमीटर है। इनके सुदृढ़ीकरण के लिए कुल 5 करोड़ 72 लाख 19 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

स्वीकृत कार्यों में करतला विकासखंड की केराकछार से मौहार सड़क, लंबाई 3.24 किलोमीटर, के लिए 1 करोड़ 2 लाख 76 हजार रुपये तथा पिड़िया से बड़मार सड़क, लंबाई 7.36 किलोमीटर, के लिए 2 करोड़ 22 लाख 81 हजार रुपये शामिल हैं। पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड की गिद्धमुड़ी से कोटखर्री सड़क, लंबाई 8.20 किलोमीटर, के सुदृढ़ीकरण के लिए 2 करोड़ 46 लाख 62 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। पीएमजीएसवाई के कार्यपालन अभियंता श्री सी एस तवंर ने कहा है कि सड़कें ग्रामीण जीवन की बुनियादी जरूरतों और गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनके सुदृढ़ होने से ग्रामीणों को बाजार, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में सुविधा होगी। विद्यार्थियों के लिए स्कूल और महाविद्यालय तक नियमित आवागमन आसान होगा। वहीं, किसानों और श्रमिकों को अपने कामकाज तथा उपज को बाजार तक ले जाने में सहूलियत मिलेगी। ग्रामीणों को वर्षभर बेहतर सड़क संपर्क मिलने से दैनिक आवागमन भी अधिक सुविधाजनक होगा।



305 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराधों एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि राताखार अटल आवास निवासी राजू केसरी पिता भीम बहादुर केसरी उम्र 25 वर्ष अवैध रूप से गांजा रखकर पुड़िया बनाकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को गांजा बेचते पकड़ा गया, आरोपी के कब्जे से 305 ग्राम गांजा जप्त कर धारा 20(बी)(ii)(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

तलवार से युवक पर जानलेवा हमला करने की कोशिश करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बलगी कॉलोनी के दशहरा मैदान में मामूली विवाद पर एक युवक की तलवार से जान लेने की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सजगता दिखाते हुए पीड़ित ने हमलावर का गला पकड़ लिया, जिससे उसकी जान बच गई। बांकीमोंगरा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी प्रशांत कुमार साहू (23) और उसके छोटे भाई योगेश कुमार साहू (20) को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को कटघोरा न्यायालय में पेश कर 24 अक्टूबर 2026 तक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, प्रार्थी निखिल बंजारे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि योगेश साहू उसे मोहल्ले में 'चोर' कहकर बदनाम कर रहा था। 10 अक्टूबर को जब निखिल ने दशहरा मैदान के पास योगेश से इस बात का विरोध किया, तो योगेश गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो गया। उसने तुरंत फोन कर अपने बड़े भाई प्रशांत साहू को घर से तलवार लेकर बुलाया।



तलवार के साथ गिरफ्तार आरोपी।

प्रशांत अपनी मोटरसाइकिल सीजी 12 एम 1068 से धारदार तलवार लेकर पहुंचा और निखिल पर जानलेवा वार कर दिया। पीड़ित ने सूझबूझ से प्रशांत का गला दबोच लिया, जिससे वार चूक गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वारदात में इस्तेमाल तलवार और मोटरसाइकिल जब्त कर ली है।

महिला किसानों को भी फार्मरआईडी के साथ दी जा रही किसान सम्मान निधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किसान सम्मान निधि जैसे केंद्रीय योजनाओं के दायरे में अब अंचल की महिला किसान भी शामिल हो गई है। फार्मर आईडी अनिवार्य किए जाने के बाद कृषि विभाग के रिकार्ड में दर्ज महिला किसानों को भी किसान सम्मान निधि देने की शुरुआत हो गई है और विभाग के द्वारा अधिक से अधिक महिला कृषकों को इस योजना से जोड़ा जा रहा है। स्व सहायता समूह के अलावा अन्य स्वरोजगार के कार्यों से जोड़ने वाली महिलाओं को सीधे तौर पर खेती के क्षेत्र से जोड़ा जा रहा है। ऐसे महिला कृषकों को उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज खेती के जमीन के आधार पर उन्हें सहकारी बैंक से लोन के साथ केंद्र सरकार की किसान सम्मान निधि योजना से भी जोड़ने का काम शुरु कर दिया गया है। ऐसे महिलाओं को सामूहिक खेती के साथ व्यक्तिगत खेती का रिकार्ड भी तैयार किया गया है। आमतौर पर अब तक कृषि विभाग के रिकार्ड में किसान सम्मान निधि पाने वाले किसानों में महिला कृषकों की संख्या फिलहाल कम है। रिकार्ड के अनुसार महज 78 हजार किसानों को किसान सम्मान निधि मिल रही है। इनमें महिलाओं की संख्या वर्तमान में 3 सौ के लगभग पहुंची है जिन्हें सम्मान निधि से जोड़ा गया है। इन महिलाओं में अधिकांश करतला विकासखंड जो कृषि के क्षेत्र में एक समृद्धशाली क्षेत्र माना जाता है। इस ब्लॉक के अलावा पाली और कोरबा ब्लॉक में कुछ महिलाओं के नाम पर खेती की भूमि दर्ज है उन्हें सीधे कृषि योजनाओं की लाभ देने की तैयारी की गई है।

संजय नगर वाय-शेप अंडरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर की बहुप्रतीक्षित संजय नगर वाय-शेप अंडरब्रिज परियोजना का निर्माण कार्य शनिवार को उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में शुरू हुआ। अंडरब्रिज बनने से रेलवे फाटक पर बार-बार लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी और रेलवे स्टेशन सहित आसपास के क्षेत्रों तक आवागमन सुगम होगा।

उल्लेखनीय है कि रेलवे स्टेशन जाने वाले मुख्य मार्ग को जोड़ने वाले इस रेलवे फाटक के बार-बार बंद होने से संजय नगर और पुरानी बस्ती क्षेत्र के लोग पिछले 15 वर्षों से परेशानी झेल रहे थे। समस्या के स्थायी समाधान के लिए उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने जिला खनिज न्यास मद से 30 करोड़ 96 लाख रुपये की स्वीकृति दिलाई। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जिला खनिज न्यास मद से कोरबा नगर और जिले में बड़े प्रोजेक्ट के साथ-साथ जनसुविधा से जुड़े छोटे-छोटे कार्य भी धरातल पर उतारे जा रहे हैं। इसी कड़ी में संजय नगर अंडरब्रिज के लिए राशि स्वीकृत कराई गई है। उन्होंने कहा कि सरकार विश्वास और विकास के संकल्प के साथ महत्वपूर्ण परियोजनाओं को तेजी से पूरा कर रही है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि वे इसी संजय नगर वार्ड से पार्षद रही हैं और क्षेत्रवासी लंबे समय से रेलवे फाटक के बार-बार बंद होने से परेशान थे। उद्योग मंत्री श्री देवांगन के नेतृत्व में इस महत्वपूर्ण परियोजना की शुरुआत हुई है। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने भी संबोधित किया। अंडरब्रिज बनने से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं पर भी रोक लगाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में नगर निगम सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, डॉ. राजीव सिंह, आयुक्त श्री आशुतोष पांडे, पार्षदगण नरेन्द्र देवांगन, सुलोचना यादव आदि उपस्थित थे।



भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री देवांगन एवं अन्य जनप्रतिनिधि।

अंडरब्रिज की खास बातें

- आरयूबी की लंबाईः 455 मीटर
- बॉक्स की लंबाईः 28.80 मीटर
- बॉक्स की ऊंचाईः 4.50 मीटर
- पुल की चौड़ाईः 8.50 मीटर
- कैरेजवेः 7.50 मीटर
- यू-टाइप रिटर्न की कुल लंबाईः 426.20 मीटर
- सुनालिया ज्वेलर्स की ओरः 175.60 मीटर
- रेलवे स्टेशन की ओरः 125.60 मीटर
- पुरानी बस्ती की ओरः 125 मीटर

कार्यालय कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
विवाह प्र. क्र. /ब-121/2025-2026
ग्राम-खोखरा तहसील जांजगीर
आवेदक श्री चन्द्रभूषण देवांगन पिता श्री राधेश्याम एवं आवेदिका श्रीमती हुलसी देवांगन पति श्री चन्द्रभूषण देवांगन दोनों निवासी ग्राम उमरेली तहसील व थाना उरगा जिला कोरबा (छ.ग.)
बनाम
छत्तीसगढ़ शासन
ईश्तहार
आम जनता ग्राम खोखरा तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चन्द्रभूषण देवांगन पिता श्री राधेश्याम एवं आवेदिका श्रीमती हुलसी देवांगन पति श्री चन्द्रभूषण देवांगन दोनों निवासी ग्राम उमरेली तहसील व थाना उरगा जिला कोरबा (छ.ग.) में विवाह सम्पन्न हो चुका है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपनी दावा / आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 11.11.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 29.09.2026 को कार्यालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
अपर कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

न्यायालयः अंजू कंवर प्रथम सिविल न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
आ.क्र.638/26
व्य. वाद क्रं. 1 ए/26
भूपेन्द्र कुमार .....वादी
विरुद्ध
केशवनंद.....प्रतिवादीगण
प्रति,
(1) रामेश्वर उम्र 41 वर्ष पिता स्व. रघुवीर पांडेय ग्राम सरखों तह.-जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
(2) विधात्री उम्र 33 वर्ष पिता स्व. रघुवीर पांडेय पति रमेश पाण्डेय पता- निपनिया रेल्वे स्टेशन के पास जिला - बलौदा बाजार भाठापारा (छ.ग.)
इस न्यायालय में वादी भूपेन्द्र कुमार के द्वारा स्वत्व की उद्घोषणा एवं विकल्पतः विभाजन हेतु वाद मूल्यांकन 2,200/- (दो हजार दो सौ रूपये मात्र) लंबित व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक 1 अ / 2026 पक्षकार भूपेन्द्र कुमार बनाम केशवनंद वगैरह इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।
अतः उत्तरवादी क्रं. 3 एवं 5 को इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचना दी जाती है कि पेशी तारीख 05/11/2026 को 11.00 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता जिसे प्रकरण की पूर्ण जानकारी हो, के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवे, उक्त दिनांक को उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण की सुनवाई की जावेगी जिसकी जवाबदारी आप पर होगी।
यदि किसी कारणवश दिनांक 05/11/2026 को अवकाश घोषित हो जाता है, तो उसके अगले दिवस में सुनवाई की जावेगी।
आज दिनांक 06/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
दिनांकः- 06/10/2026
(अंजू कंवर)
प्रथम सिविल न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



'द ओडिसी' ने भारत में रचा इतिहास, आईएमएएक्स से 100 करोड़ कमाने वाली पहली फिल्म बनी

मुंबई। हॉलीवुड निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी' ने भारत में इतिहास रच दिया है। सिर्फ आईएमएएक्स स्क्रीन्स के जरिए 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली फिल्म बन गई है। इससे पहले किसी भारतीय या अंतरराष्ट्रीय फिल्म ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की थी। यह फिल्म 17 जुलाई, 2026 को भारत और दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसने 16 सितंबर को अपने 9वें हफ्ते में यह आंकड़ा पार किया, जिसका आधिकारिक ऐलान अब किया गया है। निर्माताओं द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, फिल्म की कुल भारतीय कमाई में आईएमएएक्स का योगदान लगभग 43 प्रतिशत रहा, जबकि देशभर में कुल स्क्रीनों में से सिर्फ 1 प्रतिशत से कुछ ज्यादा स्क्रीन आईएमएएक्स द्वारा प्रदर्शित की गई थीं। इस उपलब्धि के साथ, 'द ओडिसी' भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे कमाऊ आईएमएएक्स फिल्म बन चुकी है।

लाइफ Style

यामी गौतम

यामी गौतम की फिल्म 'नई नवेली' दशहरा के मौके पर दर्शकों का मनोरंजन करने आ रही है। फिल्म का ट्रेलर निर्माताओं द्वारा जारी किया जा चुका है, जिसमें अभिनेत्री का अब तक का सबसे अलग किरदार दिखा।

'नई नवेली' के गाने में जमकर झूमीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब इसका नया गाना 'फटा पटाखा' यूट्यूब पर जारी किया गया है जो ऊर्जा से भरपूर एक धमाकेदार डांस पार्टी पर केंद्रित है। इसमें जॉम्बी के साथ यामी का डांस देखने लायक है। यह गाना सुनने वालों को झूमने पर मजबूर कर देगा। जॉम्बी पार्टी करती दिखीं यामी, दिखी अनोखी दुनिया जी म्यूजिक कंपनी द्वारा अमेजन, एमजीएम स्टूडियोज और कलर येलो के सहयोग से प्रस्तुत, 'फटा पटाखा' को मधुबंती बागची ने आवाज दी है।

संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है और बोल वायु ने लिखे हैं। गाने के वीडियो में जॉम्बी की एक अनोखी दुनिया दिखती है, जिसमें यामी डांस कर रही हैं। बालाजी मोहन द्वारा निर्देशित 'नई नवेली' एक मनोरंजक-पारिवारिक फिल्म है, जिसमें कॉमेडी, रहस्य और रोमांच का तड़का लगाया गया है। यह 16 अक्टूबर, 2026 को रिलीज होगी।



हॉलीवुड मसाला



दुर्लभ जीवों को बचाने देंगे 1,700 करोड़

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड सुपरस्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ने विलुप्त होने की कगार पर खड़े दुर्लभ जीवों को बचाने के लिए एक बड़ी वैश्विक पहल की है। डिकैप्रियो के संगठन 'री:वाइल्ड' और 'बेजोस अर्थ फंड' ने मिलकर 'फोनिक्स स्पीशीज प्रोजेक्ट' की घोषणा की है। इस प्रोजेक्ट के तहत दुनिया की 100 अति-संकटग्रस्त प्रजातियों, जिनमें पैंगोलिन, सालामैंडर और दुर्लभ जंगली सूअर शामिल हैं, जिनके संरक्षण के लिए लगभग 1,700 करोड़ रुपये की भारी-भरकम वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस पहल के लिए कुल 1,700 करोड़ रुपये का फंड तैयार किया गया है। इसमें से 850 करोड़ रुपये 'बेजोस अर्थ फंड' ने दिए हैं, जबकि बाकी 850 करोड़ रुपये डिकैप्रियो के 'री:वाइल्ड', 'एज ऑफ यूनियन' और 'टॉड ग्रेव्स फैमिली फाउंडेशन' से मिले हैं।



कीगन एलन के साथ हुई बंदूक की नोक पर लूटपाट

लॉस एंजिल्स। 'प्रीटी लिटिल लायर्स' और 'वॉकर' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हॉलीवुड अभिनेता कीगन एलन के साथ एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। बंदूक की नोक पर उनके साथ लूटपाट की गई और उनके साथ मारपीट भी हुई। ये हादसा वेस्ट हॉलीवुड में हुआ, जहां 2 नकाबपोशों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। घटना के बाद अभिनेता ने अपना एक वीडियो साझा किया और दावा किया कि वेस्ट हॉलीवुड अब सुरक्षित नहीं है। ये घटना बुधवार को हुई, जब एलन एक किराने की दुकान के बाहर थे। हमलावरों ने पहले उनके सिर पर वार किया, उन्हें जान से मारने की धमकी दी और उनकी घड़ी चुरा ली। उन्होंने हमले क्लिप भी साझा किया। इसमें काले कपड़े पहने 2 लोग अभिनेता के पास आते और उन पर बंदूक तानते हुए दिख रहे हैं। एलन अपनी घड़ी उन्हें सौंपते हुए दिखाई देते हैं, जिसके बाद एक लुटेरा उनके सिर पर वार करता है। इस घटना से जुड़ा जो वीडियो एलन ने साझा किया, उसमें उनका सिर खून से लथपथ था। उन्होंने बताया, 2 नौजवानों ने बंदूक और चाकू की नोक पर मुझसे लूटपाट की। उन्होंने मेरी घड़ी के लिए मुझे जान से मारने की धमकी दी और मार भी डालते।



पैपराजी पर फूटा गुस्सा... अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई। सालों से बॉलीवुड से दूरी बनाने वालीं बिपाशा बसु अब फिल्मों में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वह इन दिनों मुंबई में अपनी नई वेब सीरीज की शूटिंग में व्यस्त हैं। हालांकि, उनसे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों ने सवाल उठाए हैं कि बिपाशा वीडियो में पैपराजी पर भड़क गईं थीं, जिस पर अब अभिनेत्री ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए सफाई दी है। वीडियो में बिपाशा एक फिल्म स्टूडियो के बाहर दिखाई दीं, जहां पैपराजी भी मौजूद थे। इस दौरान वह जल्दी में लगीं और कथित तौर पर पैपराजी पर भड़क गईं। अभिनेत्री ने कहा, चलिए यहां से, किसने बुलाया आपको? इस वीडियो को एक इंस्टाग्राम अकाउंट ने साझा करते हुए बिपाशा पर उंगली उठाई कि वह पैपराजी को नजरअंदाज कर रही हैं और उन पर गुस्सा करती नजर आई हैं।



नानी ने किया निथिन की 'एलियास रुक्मिणी' का ऐलान

मुंबई। नानी अब एक नई तेलुगू फिल्म 'एलियास रुक्मिणी' के प्रस्तुतकर्ता बन गए हैं। यह फिल्म निथिन अभिनीत है और 4 दिसंबर, 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह घोषणा अभी हुई है, साथ ही 13 अक्टूबर को फिल्म के मुख्य किरदार के बारे में और जानकारी देने का वादा किया गया है। नानी ने इस फिल्म को 'साल की सबसे खूबसूरत तेलुगू फिल्म' बताया है। मुरली कांत देवसोथ ने इस फिल्म का निर्देशन किया है और इसके निर्माता दीप्ती गांटा हैं। फिल्म की कहानी में एक दिलचस्प मोड़ है, जहां निथिन का किरदार खुलासा करता है कि रुक्मिणी, जिसका नाम एक लेखक के तौर पर सामने आता है, असल में उसकी पत्नी है। फिल्म की पहली शूटिंग शेड्यूल सितंबर में पूरी हो गई थी, जिसमें साई कुमार और हर्षा वर्धन जैसे कलाकार भी शामिल हुए थे।

टीवी मसाला



माधुरी दीक्षित के शो में आने वाले थे नाना पाटेकर, अब इस अभिनेत्री ने ली जगह

मुंबई। नाना पाटेकर सोनी मराठी के आगामी क्विज शो 'कोण होणार करोडपती' के पहले एपिसोड में आने वाले थे। शो की मेजबानी माधुरी दीक्षित कर रही हैं, जो दिग्गज अभिनेता के साथ फिल्म 'वजूद' (1998) में काम कर चुकी हैं। यह शो नाना और माधुरी के लंबे समय बाद पुनर्मिलन का प्रतीक बनने वाला था, लेकिन ऐसा मुमकिन नहीं हो सका। अभिनेता का 8 अक्टूबर को 75 साल की उम्र में अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। खबरों के मुताबिक, निधन से पहले नाना 'कोण होणार करोडपती' की शूटिंग करने वाले थे। अब उनकी जगह अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे को बतौर मेहमान प्रीमियर एपिसोड में देखा जाएगा। शो 12 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और इसके साथ ही माधुरी व सोनाली पहली बार एक साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। दोनों का भारतीय सिनेमा में करियर काफी लंबा रहा है, लेकिन इसके बावजूद माधुरी और सोनाली ने कभी किसी फिल्म में साथ काम नहीं किया। माधुरी ने अपने इंस्टाग्राम पर नाना की तस्वीर साझा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने लिखा था, 'एक महान कलाकार, एक सशक्त व्यक्तित्व और एक अविस्मरणीय आवाज... नाना पाटेकर के निधन से फिल्म जगत ने एक अनमोल और दिग्गज अभिनेता को खो दिया है। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। यह मेरी ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि है।'

'बिग बॉस 20' में आम्रपाली दुबे ने स्काउटओपी की लव गिल से करीबी पर उठाए सवाल

'बिग बॉस 20' के घर में उस वक्त थोड़ा अजीब माहौल बन गया, जब आम्रपाली दुबे ने प्रतियोगी स्काउटओपी (तन्मय सिंह) और लव गिल के बीच बढ़ती नजदीकियों पर ध्यान दिलाया। दरअसल, स्काउट ने लव को उनकी शर्ट के अंदर से मसाज दिया था। इसके बाद आम्रपाली ने लव से बातचीत की और समझाया कि बाहर से देखने वालों को उनके ये काम कैसे लग सकते हैं। आम्रपाली ने लव को बहुत नरमी से समझाया कि उन्हें थोड़ा सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे पल उनके उन पार्टनर्स पर असर डाल सकते हैं, जो बाहर इंतजार कर रहे हैं। भले ही स्काउट ने लव के साथ अपने रिश्ते को भाई-बहन जैसा बताया हो, पर उन्होंने ये भी माना है कि उन्हें पजेसिवनेस महसूस होती है। फैंस ने इस बात पर खास ध्यान दिया है, क्योंकि उनकी गर्लफ्रेंड काश्वी हीरानंदानी शो के बाहर हैं।



'बिग बॉस' मलयालम 8 में विपिन दास की धमाकेदार एंट्री

मुंबई। एक बड़े एविक्शन के बाद, विपिन दास नैर ने 'बिग बॉस मलयालम 8' में वाइल्ड कार्ड के रूप में एंट्री की है, जिससे शो में हलचल मच गई है। वे अभिनय के क्षेत्र में कदम रख रहे हैं और साथ ही कंटेंट क्रिएटर व आर्टिस्ट के तौर पर भी अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने 2023 में 'द नेक्स्ट टॉप एंकर' शो में हिस्सा लिया था, जिसमें नायला उषा, साबूमोन, कार्तिक सूर्या और मीनाक्षी जैसे मशहूर लोग जज थे।



विपिन ने शो में भरी ऊर्जा

रियलिटी टीवी की दुनिया में कदम रखने और 'भरतनाट्यम' में एक छोटे से विवाद के बाद, विपिन 'बिग बॉस मलयालम' में अपनी अनोखी एनर्जी और कन्फेशन रूम के मजेदार पलों के साथ छा गए हैं। खास बात यह है कि मलयालम पढ़ने में उन्हें मुश्किल हो रही है, जिससे उनके 'बिग बॉस' के सफर को एक अनूठा मोड़ मिल गया है। इससे फैंस भी यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि वह आगे इस खेल में क्या बदलाव ला सकते हैं।

स्वरा-प्रियंका का खेल बिगाड़ने आ रहे ऋषभ, जशवंत और सोनम मलिक

मुंबई। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल 2' में अब 3 नए वाइल्ड कार्ड प्रतियोगियों की एंट्री होने वाली है। इनमें अभिनेता और कंटेंट क्रिएटर ऋषभ जायसवाल, रियलिटी शो स्टार जशवंत बोपन्ना और अभिनेत्री सोनम मलिक के नाम शामिल हैं। शो को पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग होस्ट कर रहे हैं। स्वरा भास्कर और प्रियंका चाहर चौधरी जैसे प्रतियोगियों के बीच इन नए सदस्यों की एंट्री से मुकाबला और दिलचस्प होने की उम्मीद है।



शानदार प्रोमो से हुई वाइल्ड कार्ड्स की घोषणा

नए प्रतियोगी ऋषभ मशहूर टीवी एक्टर और कंटेंट क्रिएटर, जशवंत जानी-मानी रियलिटी टीवी पर्सनैलिटी और सोनम एक अभिनेत्री हैं। इसकी घोषणा अमेजॉन एमएक्स प्लेयर के अधिकारी सोशल मीडिया पेज पर की गई है। शानदार प्रोमो साझा करते हुए लिखा गया, 'एक नहीं, 2 नहीं, अब सीधा 3 नए प्लेयर। टावर का बैलेंस हिलने वाला है।' अब देखना ये होगा कि इन तीनों में कौन रूलर बनकर पेंटहाउस जाता है और कौन बेसमेंट का वर्कर बनता है।

शो में आने से पहले ही मिल गए थे संकेत

इस आधिकारिक घोषणा से पहले ही तीनों प्रतियोगियों ने सोशल मीडिया पर शो में आने के संकेत देने शुरू कर दिए थे। ऋषभ, सोनम और जशवंत ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर चेहरे छिपाकर और हाथों में काले रंग के वाइल्ड कार्ड लेकर तस्वीरें साझा की थीं।ऋषभ इससे पहले स्प्लिट्सविला 14' और 'रोडीज सीजन 19' में नजर आ चुके हैं, वहीं जशवंत भी रोडीज का हिस्सा रह चुके हैं और उन्होंने 'स्प्लिट्सविला 15' का खिताब अपने नाम किया था।

ये फैसला महाराष्ट्र में पड़े भीषण सूखे के बीच लिया गया

'रामायण' के गाने का लॉन्च इवेंट रद्द, टालना पड़ा नवरात्रि का बड़ा कार्यक्रम

एजेंसी ⏭ मुंबई

रणबीर कपूर और साई पल्लवी की फिल्म 'रामायण पार्ट 1' जल्द ही दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। इसी बीच रविवार, 11 अक्टूबर को महाराष्ट्र के रामटेक में इस फिल्म के एक गाने का लॉन्च इवेंट आयोजित होने वाला था। हालांकि, नवरात्रि के पहले दिन होने वाले इस इवेंट को टाल दिया गया है। ये फैसला महाराष्ट्र में पड़े भीषण सूखे के बीच लिया गया है, जिससे किसानों को राहत पहुंचाना सरकार की पहली प्राथमिकता है।



रामायण की टीम भी किसानों की मदद से लिए तैयार

पोस्ट में आगे लिखा गया, 'इस कार्यक्रम का उद्देश्य रामटेक की भूमि के महत्व को उजागर करना था, जिसे भगवान श्री रामचंद्र के चरणों के स्पर्श से पवित्र किया गया था।' उन्होंने बताया कि मौजूदा हालात में किसानों की मदद करना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। जयसवाल ने आगे कहा कि फिल्म की टीम ने किसानों की मदद करने की इच्छा जताई थी। उन्होंने उन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का भी शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने इस इवेंट का प्रचार किया था।

इंस्टाग्राम पर की गई थी इसकी घोषणा

स्थानीय विधायक आशीष जायसवाल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें रामायण की टीम के साथ होने वाले भव्य इंटरैक्शन प्रोग्राम को टालने की घोषणा की गई थी। हालांकि, अब ये वीडियो उपलब्ध नहीं है। पोस्ट के कैप्शन में जायसवाल ने लिखा, 'हम आप सभी को बताना चाहते हैं कि 11 अक्टूबर को रामटेक में होने वाला 'रामायण' की पूरी टीम के साथ एक बड़ा कार्यक्रम कुछ जरूरी वजहों से टाल दिया गया है।'

'रामायण' की टीम की तरफ से नहीं आई कोई जानकारी

इस इवेंट के टलने के बाद, अभी यह साफ नहीं है कि निर्माता इसे ऑनलाइन रिलीज करेंगे या किसी और लॉन्च इवेंट की योजना बनाएंगे। टीम ने इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

खबर संक्षेप

सेवानिवृत जेल अधीक्षक ने पेंशन एवं ग्रेच्युटी भुगतान के लिए दिया आवेदन



जांजगीर-चांपा। जिला जेल में जे एल मेश्राम जेल अधीक्षक के पद पर कार्यरत थे। अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर 29 फरवरी 2024 को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए हैं। सेवानिवृत्ति के दो वर्ष सात माह बीत जाने पर भी उन्हें पेंशन एवम ग्रेच्यूटी का भुगतान नहीं किया गया है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के संज्ञान में प्रकरण आने पर भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला शाखा जांजगीर चांपा के अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार एवं पीड़ित सेवानिवृत्त जेल अधीक्षक द्वारा 6 अक्टूबर 2026 को जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं अपर कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी को आवेदन पत्र दिया गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

कृष्णा विहार कॉलोनी में विराजीं मां दुर्गा, विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना

जांजगीर चांपा। कृष्णा विहार कॉलोनी में श्री नवदुर्गोत्सव एवं दशहरा समिति द्वारा शारदीय



नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना कर पूजा-अर्चना की गई। मां दुर्गा के आगमन से कॉलोनी में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया है। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन आरती, महाप्रसाद एवं विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से उत्सव में शामिल होने अपील की है।

बिहारी लाल बने राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रकोष्ठ अध्यक्ष

चाम्पा। प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ की प्रांतीय सामान्य सभा की आयोजित बैठक में



संगठन की मजबूती , विस्तार को लेकर कई बड़े फैसले लिए गए और नियुक्तियां की गईं। इस अवसर पर इंद्रावती भवन में पदस्थ श्रीमती दुलेश्री कुर्रे को प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बस्तर संभाग को महत्व देते हुए कांकेर जिला मबाविवि की पर्यवेक्षक श्रीमती रमेसरी टंडन को महिला एवं बाल विकास विभाग का विभागीय प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह अटरिया ने कहा कि आज तक किसी भी संगठन द्वारा महिला कर्मचारी को नेतृत्व का अवसर नहीं दिया गया है. उन्होंने यह भी कहा कि उनका संगठन इंद्रावती भवन में पदस्थ महिला कर्मचारी को अधिकारी कर्मचारी संघ में नेतृत्व देने वाला प्रदेश का एकमात्र कर्मचारी संघ है। संगठन को मजबूत बनाने के दृष्टिकोण से बिहारी लाल पटेल को राजपत्रित अधिकारी संघ प्रकोष्ठ का अध्यक्ष, इंद्रावती भवन वित्त विभाग के जितेन्द्र सिंह ठाकुर को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष और रायपुर संभाग से महेश कुमार पाण्डोरिया को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया। नए पदाधिकारी का प्रस्ताव संघ के प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा रखा गया जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से पारित किया। इस बैठक में प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ की संगठन सचिव गीता बड़गे,रायपुर जिला अध्यक्ष केशरी प्रशाद कुशवाह, प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ गरियाबंद जिला अध्यक्ष मनोज कुमार अटल,, के साथ साथ एस आर जाटव,राजेश कुमार वरकड़े, नवीन अग्रवाल, सुनील कुमार भूमरकर चेतन कुमार साहू, पूजा पटेल,भीसम वारले,,बेमेतरा से सुनील कुमार गायकवाड़ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आरक्षक की पड़ोसी जिले में फंदे में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

कोरबा। एसपी आफिस के स्टेनों शाखा में पदस्थ एक आरक्षक की पड़ोसी जिले में फांसी के फंदे में लटकती हुई लाश मिली है। आरक्षक की मौत से पुलिस महकमे में व परिवार में शोक की लहर है। आरक्षक की मौत को लेकर तरह तरह के सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल स्थानीय पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। पीएम रिपोर्ट मिलने व पुलिस जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा कि आरक्षक ने फांसी लगाई है या मामला कुछ और है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। जांच के बाद मामले का पर्दाफाश हो सकेगा। मानिकपुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दादर खुर्द निवासी आरक्षक नरहरि पटेल पिता गोवर्धन प्रसाद पटेल वर्ष 2013 में जिला पुलिस बल में भर्ती हुआ था और एसपी आफिस के स्टेनो शाखा में सहायक के रूप में पदस्थ था। आरक्षक नरहरि पटेल का शव पड़ोसी जिले जशपुर के पत्थलगांव स्थित एक नर्सरी में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। इस घटना से पुलिस विभाग और मृतक के परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। उसका शव जशपुर जिले के पत्थलगांव क्षेत्र की एक नर्सरी में संदिग्धावस्था में फांसी पर लटका मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही स्थानीय पत्थलगांव पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद जिला पुलिस बल और परिजनों को इस घटना की सूचना दी गई और मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। फिलहाल आरक्षक ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसके स्पष्ट कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पत्थलगांव पुलिस मामले की हर पहलू से बारीकी से जांच कर रही है।

शक्ति उपासना का पर्व नवरात्रि प्रारंभ

घट स्थापना के साथ देवी मंदिरों में जगमगा उठे आस्था के ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शक्ति उपासना का पर्व नवरात्रि का शुभारंभ घट स्थापना व मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करने के साथ भक्तिमय वातावरण में हुआ। विभिन्न मंदिरों में जवारा भी बोया गया। साथ ही शाम से ही मृदंग के थापों के साथ माता सेवा (जसगीत) का गायन भी प्रारंभ हुआ।

अंचल में शारदीय नवरात्रि रविवार 11 अक्टूबर को शुभ मुहुर्त में घट स्थापना एवं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुई। इसके साथ ही देवी दुर्गा की उपासना का पर्व प्रारंभ हो गया है। आगामी 20 अक्टूबर तक अंचल देवी दुर्गा की आराधना में डूबा रहेगा। जिले के सभी देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही आस्था की ज्योत जलाई गई। नवरात्रि के पहले दिन से ही अंचल का वातावरण श्रद्धा और भक्तिभाव से परिपूर्ण हो गया है। अनेक श्रद्धालुओं ने नवरात्रि पर्व पर नौ दिनों तक का उपवास शुरू कर दिया हैं। नवरात्र पर्व के अवसर पर खोखरा स्थित मां मनकादाई मंदिर, सिवनी में विराजी मां संतोषी मंदिर सहित जिले के अन्य देवी मंदिरों में नौ दिनों तक मेला लगेगा।



नगर भक्तिमय, जगह-जगह विराजीं मां दुर्गा

शिवरीनारायण। शारदीय नवरात्रि पर्व के शुभारंभ के साथ ही नगर में भक्तिमय माहौल देखने को मिल रहा है। नवरात्रि के प्रथम दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं विभिन्न स्थानों पर माता रानी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जहां श्रद्धालु पहुंचकर माता के दर्शन कर रहे हैं और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर रहे हैं। इसी क्रम में नगर के बाम्बे मार्केट में भी मां दुर्गा की भव्य स्थापना की गई है। यहां माता रानी अपने नवदुर्गा के नौ स्वरूपों में विराजमान हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। नवरात्रि के पहले दिन से ही पूजा-पाठ और माता के दर्शन के लिए भक्तों में उत्साह देखने को मिल रहा है।नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी। इस दौरान नगर में धार्मिक वातावरण बना रहेगा और श्रद्धालु पूरी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ माता रानी की आराधना करेंगे। माता के जयकारों से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया है।



घट स्थापना के साथ मां शिरीष पाठ मंदिर में दीप प्रज्जवलित



पामगढ़। अंचल के प्रमुख देवी मंदिर शिरीष पाठ डोंगाकोहरौद में रविवार 11 अक्टूबर को घट स्थापना के साथ दीप प्रज्जवलित किया गया। इस दौरान गांव के विशिष्ठ नागरिक संतोष कौशिक, घनश्याम साहु ,नवजागरण शिरीष कल्याण सेवा समिति से देवकुमार पाण्डेय , बरसन कश्यप , सुमन कश्यप , धनेंद्र कौशिक , जोहन पटवा , श्याम कश्यप ,छोटेलाल साहू , माखन कश्यप , हरीलाल धीवर , रामकृष्ण कश्यप गीतेश सारथी व ज्योति सेवक नरहरी पटेल , रामलाल कौशिक , लव पटेल , उपेंद्र कश्यप , इंद्र कुमार कश्यप , संजू साहु , जुगनू पटेल , दुष्यंत कौशिक, भुनेश्वर कश्यप, छोटे कुमार कश्यप आदि उपस्थित रहे। इस वर्ष की शारदीय नवरात्र में 250 से अधिक भक्तों ने मनोकामना ज्योति जलवाए है, वहीं पूरे नव दिन तक माता के दरबार में भक्तों का आना जाना लगा रहेगा।



मल्दा में रामकीर्तन का अनूठी आराधना शरीर पर जवारे धारण कर शक्ति की साधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

क्वांर शारदीय नवरात्रि के अवसर पर गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के ठकुराइन दाई मंदिर में भक्त रामकीर्तन कश्यप की अनूठी आराधना श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। माता रानी के प्रति अटूट आस्था और श्रद्धा के साथ उन्होंने माता ठाकुराइन दाई की उपासना का विशेष संकल्प लिया है। उनकी इस साधना को देखने के लिए गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत गौरव ग्राम पंचायत मल्दा (बिर्रा) के ठकुराइन दाई माता मंदिर में क्वांर शारदीय नवरात्रि के अवसर पर भक्त राम कीर्तन कश्यप पिता रामनाथ ने नवरात्रि के नौ दिनों तक जमीन पर एक ही आसन पर लेटकर माता रानी की आराधना करेंगे। उन्होंने अपने पूरे शरीर पर जवारे धारण (बोया) किए हुए हैं। बताया जा रहा है कि इस दौरान वे अन्न का त्याग कर केवल प्रतिदिन दुर्बा का रस और दो चम्मच जल ग्रहण कर रहे हैं। वे अपनी साधना के दौरान न तो बैठते हैं और न ही अपने स्थान से उठते हैं। माता रानी के भक्त एक ही अवस्था में सोकर अपने ऊपर ज्वारा बोआई करके जोत जलाते हुए सोया हुआ है। नवरात्रि के दौरान की जा रही उनकी यह विशेष साधना गांव के अलावा पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। माता ठाकुराइन दाई के प्रति भक्त राम कीर्तन कश्यप का श्रद्धा और समर्पण को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु माता रानी के दर्शन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं। ग्राम मल्दा में नवरात्रि का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। यह आराधना क्षेत्र में धार्मिक आस्था और भक्ति का एक विशेष उदाहरण बनकर सामने आई है। दूर-दूर से दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता रानी की महिमा का गुणगान करके शक्ति की भक्ति में डूबे भक्त राम कीर्तन को शक्ति प्रदान करने की कामना कर रहे हैं।

व्यापारी सेवा समिति राहौद ने कैंसर से पीड़ित महिला के ईलाज के लिए 25 हजार रुपए की मदद

राहौद। बलौदाबाजार की 31 वर्षीय उर्वशी कुर्रे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। उर्वशी कुर्रे, पति जगदीश सिंह कुर्रे, निवासी सोलहा तालाब पारा, जिला बलौदाबाजार, पहले आलू पराठे का ठेला लगाकर अपने परिवार का जीवनयापन करती थीं। लेकिन गंभीर बीमारी के कारण उनका व्यवसाय पूरी तरह बंद हो गया। एक ओर बीमारी से संघर्ष और दूसरी ओर आजीविका बंद होने से परिवार के सामने इलाज के खर्च की व्यवस्था करना बेहद कठिन हो गया है। इसी बीच बीमा संबंधी कार्य के सिलसिले में बलौदाबाजार पहुंचे एलआईसी अभिकर्ता कमल सिंह को उर्वशी जी की पीड़ा के बारे में पता चला। उनकी स्थिति जानकर उन्होंने बिना देर किए व्यापारी सेवा समिति, राहौद के सदस्य आलोक अग्रवाल से संपर्क किया और पीड़ित परिवार की मदद के लिए आग्रह किया। समस्या की गंभीरता को समझते हुए व्यापारी सेवा समिति ने तत्काल पहल की। समिति के सदस्य आलोक अग्रवाल ने सर्वसमाज से भावुक अपील करते हुए उर्वशी के इलाज में सहयोग करने का निवेदन किया। इसके साथ ही सहायता के लिए उनका क्यूआर कोड साझा किया गया, ताकि इच्छुक लोग सीधे आर्थिक सहयोग कर सकें। अपील सामने आते ही विभिन्न स्थानों के समाजसेवियों और सेवाभावी लोगों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मदद के लिए हाथ बढ़ाए। देखते ही देखते लोग एक परिवार की तरह पीड़ित परिवार के साथ खड़े हो गए और 25 हजार से अधिक की सहयोग राशि जुटाने में सफलता मिली।



सेवा संकल्प अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक एवं चित्रकला प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक एवं चित्रकला प्रदर्शनी का

- पांच विद्यार्थियों को 1100-1100 रुपये की प्रोत्साहन राशि, प्राथमिक शाला के बच्चों को पठन सामग्री वितरित

आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम एवं अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन तथा वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन के डिजिटल प्लेटफॉर्म 'सेवा सेतु ऐप' की जानकारी देकर नागरिकों को इसके लाभों से अवगत कराया।मुख्य अतिथि सौरभ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से नागरिकों से राष्ट्रसेवा में योगदान देने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन, स्वच्छता, समाजसेवा एवं राष्ट्रप्रेम के मूल्यों को अपनाकर जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। चित्रकला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने 'विकसित भारत 2047', 'सेना का शौर्य' एवं 'डिजिटल इंडिया' जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा 1100-1100 रुपये की नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। वहीं धीरेंद्र कुमार सिंह प्राथमिक शाला के सभी विद्यार्थियों को पठन सामग्री वितरित की गई तथा प्रत्येक कक्षा में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को प्रतिमाह पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी किया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवकांत द्विवेदी,ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ईश्वर खंडेलिया, कोषाध्यक्ष स्वप्निल जैन, वरिष्ठ सदस्य अरविंद जैन, सुशील गुप्ता, नीलेश अग्रवाल, प्राचार्य आर.के. विश्वकर्मा सहित पार्षदगण, गणमान्य नागरिक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह।

ग्रीष्मकालीन धान की जगह दलहन, तिलहन मक्का व सब्जियों की खेती करने किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के ऊपर पारा में रामसागर तालाब चौक के पास में स्थित सामुदायिक भवन में 10 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से आत्मनिर्भरता दलहन मिशन योजनांतर्गत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। इस संबंध में कृषि विभाग जैजैपुर के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विनोद कुमार कश्यप ने बताया कि उपस्थित कृषकों को ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का एवं साग-सब्जियों की खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कृषकों को प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना के अंतर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों की समर्थन मूल्य पर समिति के माध्यम से खरीदी किए जाने की जानकारी दी गई है। इसके साथ ही कृषक उन्नति योजना की जानकारी प्रदान



की गई तथा एग्रीस्टैक पोर्टल के अंतर्गत फार्मर आईडी बनवाने हेतु कृषकों को प्रेरित किया गया है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत किकिरदा के पंच किशन कुमार पटेल, पंच श्रीमती अनिता पटेल, रोजगार सहायक श्री नरसिंग आदित्य, विनोद कुमार कश्यप ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, डी एन देवांगन कृषक मित्र, अवध राम आदित्य, बहारता राम पटेल, भूषण चंद्रा, आनंद राम पटेल, महेत्तर आदित्य,केदार पटेल, जोधी राम आदित्य, खूबूराम पटेल, मोतीराम आदित्य, सम्मेंलाल पटेल ,शेषराज देवांगन एवं महिला कृषक श्रीमती यशोदा आदित्य और श्रीमती उमाबाई चंद्रा व ग्रामीण उपस्थित थे ।

अकलतरा में राज्य कर्मचारी संघ का जिला अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शासन से मान्यता प्राप्त संगठन राज्य कर्मचारी संघ का जिला अधिवेशन अकलतरा के तरौद चौक में उत्साहपूर्ण वातावरण में

- पुष्पराज चंदेल बने जिलाध्यक्ष, नरेंद्र सिंह को सचिव और विनोद तिग्गा कोषाध्यक्ष की मिली

संपन्न हुआ। अधिवेशन में संगठन की मजबूती, कर्मचारियों के हितों की रक्षा, आपसी एकजुटता और संगठन के विस्तार को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी के गठन के साथ विभिन्न पदाधिकारियों को नवीन दायित्व सौंपे गए। पुष्पराज चंदेल को जिलाध्यक्ष, नरेंद्र सिंह को जिला सचिव तथा विनोद तिग्गा को जिला कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। विशेष रूप से जिलाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर पुष्पराज सिंह चंदेल का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अखिल भारतीय महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री राजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन की वास्तविक मजबूती उसके सक्रिय सदस्यों और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं से आती है। उन्होंने राज्य कर्मचारी संघ का विस्तार जिला स्तर से आगे बढ़ाते हुए ब्लॉक एवं संकुल स्तर तक करने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री शंखध्वनी सिंह बनाफर ने अपने संबोधन में संगठनात्मक एकता को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि किसी भी संगठन की सफलता उसके सदस्यों की एकजुटता, समर्पण और सक्रियता पर निर्भर करती है। सहकारिता प्रकोष्ठ की प्रदेश कोषाध्यक्ष गीता सिंह ने कहा कि संगठन के माध्यम से कर्मचारियों के हितों से जुड़े विषयों को उचित मंच पर उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन की सक्रियता और सकारात्मक पहल से कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रयास किए जा सकते हैं। राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी चेलक ने अपने संबोधन में संगठन को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए एकजुटता और सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। अधिवेशन को प्रधान पाठक मंच के प्रदेश अध्यक्ष जयंत सिंह क्षत्रिय, प्रदेश महामंत्री बोधिराम निषाद तथा पूर्व अध्यक्ष अरुण तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रियंका सिंह सेंगर, प्रकोष्ठ प्रमुख उद्यानिकी, प्रदेश सचिव लोचन साव तथा संभाग अध्यक्ष प्रकाश सिंह चंदेल सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

कटनई में निकाली गई नशा मुक्ति रैली, जनजागरुकता अभियान

विद्यार्थियों को दिलाई गई नशे से दूर रहने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

वेल विशर फाउंडेशन द्वारा नशे की रोकथाम एवं समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से जी. डी. दीवान हायर सेकेंडरी स्कूल, कटनई में नशा मुक्ति रैली एवं जनजागरूकता अभियान का आयोजन थाना प्रभारी जय कुमार साहू के मुख्य आतिथ्य एवं गायत्री परिवार के जिला प्रभारी महेश्वर कश्यप तथा मानव सेवा समिति के जिला अध्यक्ष रोहित पटेल के उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत वेल विशर फाउंडेशन के पदाधिकारियों, विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा नशा मुक्ति रैली निकालकर की गई। रैली के माध्यम से पूरे गांव में भ्रमण कर ग्रामीणों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।



जागरुकता रैली में शामिल स्कूली विद्यार्थी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी जय कुमार साहू ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी एवं नशे से दूर रहने तथा अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने की सलाह दी। महेश्वर कश्यप ने विद्यार्थियों, विद्यालयीन स्टाफ एवं उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने की शपथ दिलाई। वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष आविनाश सिंह ने संस्था के उद्देश्यों एवं सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण पर जोर दिया। संस्था के सदस्य दीपक साहू ने ध्यान एवं योग के माध्यम से नशे से दूर रहने के उपाय बताए। कार्यक्रम को मानव सेवा समिति के जिला अध्यक्ष रोहित पटेल एवं समाजसेवी मोहन कश्यप ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मार्बल ने किया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक चन्द्रिका कश्यप, महेंद्र कश्यप , नरेश राम, उमेश साहू आकाश कंवर ,विद्यालय के व्याख्याता जी. पी. पाटले, अनिल इंगले, पुष्पा उइके, उमाशंकर मरकाम, पदमा पटेल, पार्वती साहू, एस. सुमनलता धीरही, स्वर्णा तिवारी, लिपिक सत्यवती मीरी, कमलेंद्र मरावी, हिमांशु आदि सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

